# ध्येय पथ
## दिसम्बर माह की गतिविधियाँ

### एड्स दिवस

01 दिसम्बर 2017 को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजनाा के तत्वाधान में ‘विश्व एड्स दिवस पर एक व्याख्यान तथा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान के प्रभारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 यशवन्त कुमार राव तथा आभार ज्ञापन राजनीतिशास्त्र प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह जी द्वारा किया गया।





### डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती





3 दिसम्बर 2017 को प्रार्थना सभा में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती के अवसर पर प्राचीन इतिहास के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र जी द्वारा विचार किया गया तथा समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### संस्थापक समारोह 4 से 10 दिसम्बर 2017

4 से 10 दिसम्बर 2017 को प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक सप्ताह समारोह का आयोजन हुआ। सप्ताह भर चलने वाले इस भव्यतम आयोजन मे महाविद्यालय की यथा सम्भव सक्रियता रही। 4 दिसम्बर को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक साप्ताहिक समारोह के उद्घाटन अवसर पर निकाली जाने





वाली शोभा यात्रा में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभायी/ इस वर्ष विद्यार्थियों द्वारा वन्दे मातरम् उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा, तीन तलाक, उत्तर प्रदेश के आदर्श, पर्यावरण संरक्षण उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम, भारतीय सशस्त्र सेनाएं से सम्बन्धित ज्वलन्त मुद्दो पर मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया।

## संस्थापक समापन समारोह

10 दिसम्बर 2017 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक समारोह–2017 के अन्तर्गत समापन के अवसर पर पिछली कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले दो छात्र/छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप छात्रवृत्ति दी जाती है जिसमें– विवेक जायसवाल (बी.एस–सी. भाग–एक) अर्चना यादव (बी.एस–सी. भाग–एक), मन्दीप गुप्ता (बी.एस–सी. भाग–एक ) कार्तिक भार्गव (बी.एस–सी. भाग–एक), साक्षी सिंह (बी.एस–सी. भाग–दो), श्रेया शुक्ला शुक्ला (बी.एस–सी.भाग दो) दृष्टि जायसवाल (बी.एस–सी. भाग–तीन), सुनिता निषाद (बी.एस–सी. भाग–तीन), अनुपम कुमार (बी.ए. भाग–एक) जूली मौर्या (बी.ए. भाग–एक), रिंकी (बी.ए. भाग–दो), शकीना (बी.ए. भाग–दो), श्वेता सिंह (बी.ए. भाग–तीन), रवि प्रताप नागवंशी (बी.ए. भाग–तीन), नेहा शर्मा (बी.काम. भाग–एक), राजश्री चौहान (बी.काम. भाग–एक), योग्यता कुमारी (बी.काम. भाग–दो), नितिन तिवारी (बी.काम. भाग–तीन), प्रियंका चौहान (एम. एस–सी. प्रथम वर्ष), पवन कुमार श्रीवास्तव (एम.एस–सी. प्रथम वर्ष), अभिनव त्रिपाठी (एम.एस–सी अन्तिम वर्ष), पूजा त्रिपाठी (एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष), अनुपम चौधरी (एम.ए. अन्तिम वर्ष), निखिल कुमार (एम.ए. प्रथम वर्ष प्राचीन इतिहास), पूजा कुमारी (एम. ए. प्रथम वर्ष प्राचीन इतिहास), प्रियंका चौहान (एम.एस–सी. प्रथम वर्ष), मोनिका सिंह (एम.काम. अन्तिम वर्ष), पुष्प राज सिंह (एम.काम. अन्तिम वर्ष), अरुण कुमार (बी.एड. अन्तिम वर्ष), अमन कुमार (बी.एड. प्रथम वर्ष), नगमा खातून (बी.एड. अन्तिम वर्ष) तथा अर्चना सिंह (बी. एड. अन्तिम वर्ष),। इसके साथ ही ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक–राहुल गिरी (बी.ए. भाग दो), स्वर्गीय कृष्णा कुमारी चौधरी स्मृति पुरस्कार–अभिनव त्रिपाठी (एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष) तथा स्वर्गीय राम लखन चौधरी स्मृति पुरस्कार–दृष्टि जायसवाल (बी.एस–सी. अन्तिम वर्ष) को प्रदान की गई।



## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पुण्य तिथि

6 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर परनिर्वाण दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह जी द्वारा विचार व्यक्त कर पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।



## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस



14 दिसम्बर 2017 को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ0 राम सहाय जी द्वारा विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी– प्राणी विज्ञान विभाग

15 दिसम्बर 2017 को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में बी.एस–सी. भाग एक, दो व तीन के कुल 86 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान देवेन्द्र (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से सुधा सागर एवं रत्नेश नाथ योगी (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से क्रमशः श्रेया शुक्ला, अंजली सिंह (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) व पूजा चौरसिया (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। प्रदर्शनी का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह एवं प्राणी विज्ञान प्रभारी डॉ0 रघुवीर नारायण जी द्वारा किया गया।



## विशिष्ट व्याख्यान–रक्षा अध्ययन




16 दिसम्बर 2017 को रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक जी द्वारा भारतीय सेना उनके जज्बे पर विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह जी द्वारा एवं आभार ज्ञापन प्रवक्ता डॉ0 रमाकान्त दूबे जी द्वारा किया गया।

## एक– दिवसीय कार्यशाला – बी.एड. विभाग






16 दिसम्बर 2017 को बी. एड. विभाग द्वारा 'सूक्ष्म शिक्षण एवं पाठ्य योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज के बी.एड. विभाग के एसोसिएट प्रो0 डॉ0 राजशरण शाही जी द्वारा सूक्ष्म शिक्षण एवं पाठ्य योजना पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. के प्रवक्ता श्री नवनीत कुमार सिंह एवं आभार ज्ञापन बी.एड. प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह जी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर बी.एड. के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बलिदान दिवस




16 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में राजेन्द्र नाथ लाहिणी बलिदान दिवस के पूर्व दिवस पर प्रार्थना सभा में प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह जी द्वारा उद्बोधान दिया गया तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## विशिष्ट व्याख्यान – वनस्पति विभाग





16 दिसम्बर 2017 को 'जैविक कृषि' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन वनस्पति विभाग प्रभारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 आर. पी. सिंह (वरिष्ठ वैज्ञानिक महायोगी गोरखनाथ कृषि केन्द्र) जी द्वारा 'जैविक कृषि' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। आभार ज्ञापन सहसंयोजक प्रवक्ता सुश्री आम्रपाली वर्मा जी द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प –इन्सेफ्लाइटिस उन्मूलन अभियान

17 दिसम्बर 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनो इकाइयों गुरु श्री गोरखनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता से प्रारम्भ हुआ। दोनो इकाइयों के स्वयं सेवकों तथा सेविकाओं को 20 टोलीयों में विभाजित करके स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। महाविद्यालय के मुख्य भवन के सामने सड़क के दोनो तरफ, लान, बरामदा, शौचालय, क्रीड़ागन आदि की सफाई की गयी। इसके उपरान्त इन्सेफेलाइटिस उन्मूलन के लिए जनजागरण रैली जो महाविद्यालय से चलकर ग्राम उन्मूलन के लिए जनजागरण रैली जो महाविद्यालय से चलकर ग्राम तिनकोनिया नं02 में घर–घर जाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। अमर उजाला समाचार पत्र की ओर से आयोजि विचार गोष्ठी (इंसेफेलाइटिस उन्मूलन) ग्रामीणों को इससे बचाव के लिए जागरूक किया गया।





## एक दिवसीय कार्यशाला – मनोविज्ञान विभाग




18 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बी.एड. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह जी ने 'व्यक्तित्व की दर्शनिक अवधारणा' विषय पर अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया साथ ही विशिष्ट अतिथि के

रूप में वाणिज्य प्रवक्ता श्री वागीश राज पाण्डेय जी ने व्यक्ति की समग्र व्याख्या की । कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र तथा आभार ज्ञापन प्रवक्ता सुश्री हिमान्द्री सिंह द्वारा किया गया।

## रामप्रसाद बिस्मिल एवं अशफाक उल्ला खाँ बलिदान दिवस




19 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह जी द्वारा रामप्रसाद बिस्मिल एवं अशफाक उल्ला खाँ बलिदान दिवस के अवसर पर विचार प्रस्तुत किया गया। तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## राजनीतिशास्त्र विभाग–समूह परिचर्चा

19 दिसम्बर 2017 को राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह जी द्वारा 'कश्मीर में आतंकवाद एवं धारा 370' विषय पर एक संक्षिप्तकी प्रस्तुत कर समूह परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 कृष्ण कुमार एवं आभार ज्ञापन डॉ0 यशवन्त राव जी द्वारा किया गया।




## वीर छत्रसाल जी की पुण्य तिथि




20 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री वागीश राज पाण्डेय जी ने वीर छत्रसाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि दी।

## राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान






22 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 के.बी. गुप्ता (विभागध्यक्ष, गणित विभाग, सेन्ट एण्ड्रयूज पी.जी. कालेज, गोरखपुर) उपस्थिति थे। उन्होने छात्र–छात्राओं को Pure Mathematics के मूलभूत Concept के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के विभागध्यक्ष श्रीकान्त मणि त्रिपाठी जी द्वारा तथा आभार सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अरुण कुमार राव जी ने किया।

## चौधरी चरण सिंह जयन्ती




23 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती के अवसर पर वाणिज्य विभाग प्रवक्ता डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता जी ने प्रार्थना सभा में उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।

## योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति कैनवास बॉल प्रतियोगिता





24 दिसम्बर 2017 को तीन दिवसीय योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति कैनवास बॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के क्रीड़ांगन में हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया तथा फाइनल मैच दिनांक 26.12.2017 को योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम तथा कला संकाय के बीच खेला गया जिसमें कला संकाय विजयी रही। ‘मैन ऑफ

द मैच'  विशाल प्रताप सिंह को तथा मैन ऑफ द सीरिज श्याम बिहारी जायसवाल को दिया गया। अम्पायर के रूप में दीपक प्रजापति तथा सुदर्शन चौहान ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी दर्शकगण एवं प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता – समाजशास्त्र विभाग




26 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के वरिष्ट प्राध्यापक डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में कुल 23 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें सत्यम मिश्रा ( बी.ए. द्वितीय) प्रथम स्थान, अंकिता यादव (बी.ए. तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा आशीष मद्धेशिया (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## दो दिवसीय शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–वाणिज्य संकाय



27–28 दिसम्बर 2017 को वाणिज्य संकाय द्वारा दो दिवसीय शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 29 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। स्नातक वर्ग में – सुश्री नितिन तिवारी (बी.काम. तृतीय वर्ष) तथा श्री अफजल अली (बी.काम तृतीय वर्ष) को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, सुश्री मनीषा श्रीवास्तव (बी.काम. तृतीय वर्ष) तथा श्री कृष्णानन्द (बी.काम. प्रथम वर्ष) को संयुक्त रुप से द्वितीय स्थान एवं सुश्री सलोनी दूबे (बी.काम. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परास्नातक वर्ग में श्री अनुभव श्रीवास्तव (एम.काम. अंतिम वर्ष) को प्रथम स्थान, श्री रजत श्रीवास्तव (एम.काम. अंतिम वर्ष) को द्वितीय स्थान तथा श्री कुमार सिद्धार्थ यादव ( एम.काम. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता – हिन्दी विभाग



29 दिसम्बर 2017 हिन्दी विभाग द्वारा 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ जिसका संयोजन हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ0 आरती सिहं ने किया। प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की आराधना गौड़ द्वितीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष के अनिल कुमार यादव तथा तृतीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के तनु यादव रहीं। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही, डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र उपस्थित रहें।

## महर्षि रमण जयन्तीः




30 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय में महर्षि रमण जयन्ती के अवसर पर प्रार्थना सभा में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## महाविद्यालय में योग कार्यक्रमः



महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को प्रार्थना सभा में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में इस माह भी 2, 9, 16, 23 तथा 30 दिसम्बर को योग कार्यक्रम हुआ जिसमें 2 तथा 9 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव जी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। 16 दिसम्बर 2017 को प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह ने कपालभाती, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, शीतली, शीतकारी, भ्रस्तिका प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा प्राणायाम का व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में अवगत कराया।